बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

।। अधिसूचना ।।

01-मा०शि०/स्था०-88/15-2693
संचिका सं०..............................   पटना, दिनांक–27/11/2023

विषयः–वर्ष 2024 हेतु अवकाश तालिका।

कैलेण्डर वर्ष–2024 में सभी प्रकार के राजकीय प्रारंभिक एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों की अवकाश तालिका जारी की जा रही है। अवकाश तालिका को जारी करने के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत तय बाध्यता का पालन हो कि प्रारंभिक विद्यालयों में **कम–से–कम** 220 दिन अध्यापन हो। साथ ही, चूँकि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी घोषित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन हैं, अतः इन पर भी राज्य सरकार द्वारा तय सरकारी अवकाश लागू होंगे। इस क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–16953, दिनांक 05 सितम्बर, 2023 को दृष्टिगत रखते हुए सरकारी विद्यालयों में वर्ष 2024 हेतु राज्य के सभी प्रारंभिक एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अवकाश तालिका निम्न रूप से निर्धारित की गयी हैः–

अवकाश तालिका

क्र.	अवकाश का नाम	तिथि	अवकाश की संख्या	अवकाश के दिन
1	गुरु गोविन्द सिंह जन्म दिवस	17 जनवरी, 2024	1	बुधवार
2	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी, 2024	1	शुक्रवार
3	बसंत पंचमी	14 फरवरी, 2024	1	बुधवार
4	संत रविदास जयंती	24 फरवरी, 2024	1	शनिवार
5	शब–ए–बारात	26 फरवरी, 2024	1	सोमवार
6	महाशिवरात्रि	08 मार्च, 2024	1	शुक्रवार
7	बिहार दिवस	22 मार्च, 2024	1	शुक्रवार
8	होली	26 एवं 27 मार्च, 2024	2	मंगलवार एवं बुधवार
9	गुड फ्राईडे	29 मार्च, 204	1	शुक्रवार
10	ईदु उल फितर (ईद)	11 अप्रैल, 2024	1	गुरूवार
11	भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस	14 अप्रैल, 2024	1	रविवार
12	ग्रीष्मकालीन अवकाश	15 अप्रैल 2024 से 15 मई 2024 तक	30	सोमवार–बुधवार
13	जानकी नवमी	17 मई, 2024	1	शुक्रवार
14	बुद्ध पूर्णिमा	23 मई, 2024	1	गुरुवार
15	ईदुल–जोहा (बक्रईद)	18 जून, 2024	1	मंगलवार
16	कबीर जयंती	22 जून, 2024	1	शनिवार
17	मुहर्रम	18 जुलाई, 2024	1	गुरूवार

18	स्वतंत्रता दिवस	15 अगस्त, 2024	1	गुरुवार
19	चेहल्लुम	25 अगस्त, 2024	1	रविवार
20	श्री कृष्ण जन्माष्टमी	26 अगस्त, 2024	1	सोमवार
21	हजरत मुहम्मद साहब जन्म दिवस	16 सितम्बर, 2024	1	सोमवार
22	दुर्गा पूजा (सप्तमी)	10 अक्टूबर, 2024	1	गुरुवार
23	दुर्गा पूजा	11 एवं 12 अक्टूबर, 2024	2	शुक्रवार एवं शनिवार
24	दीपावली	31 अक्टूबर, 2024	1	गुरुवार
25	चित्रगुप्त पूजा/ भाई दूज	03 नवम्बर, 2024	1	रविवार
26	छठ पूजा	07, 08 एवं 09 नवम्बर, 2024	3	गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार
27	क्रिसमस	25 दिसम्बर, 2024	1	बुधवार
		कुल	60 दिन	

1. राज्य के सभी प्रारंभिक एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों उपरोक्त अवकाश तालिका के अनुसार ही बंद रहेंगे।
2. ग्रीष्मकालीन अवकाश (क्रमांक 12) केवल विधार्थियों के लिए है एवं प्रधानाध्यापक/अध्यापक/शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी सरकारी कैलेण्डर के अनुसार विद्यालय में आएंगे एवं अन्य शैक्षणिक/प्रशासनिक/कार्यालीय कार्य निष्पादित करेंगे। इस दौरान Parent-Teacher Meeting होती रहेंगी। वैसे छात्र, जो शिक्षा के अधिकार (संशोधन) अधिनियम 2019, सह–पठित बिहार सरकार की अधिसूचना 287 दिनांक 28.02.2019 की परिधि में आते हैं, उनकी भी विशेष कक्षाएँ चलेंगी तथा विशेष परीक्षाएं ली जाएगी।
3. सभी प्रारंभिक एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय **"मानक टाइम टेबल"** का पालन करेंगे। मानक टाइम टेबल अलग से अधिसूचित किया जाएगा।
4. किसी जिले विशेष में किसी विशेष अवसर पर यदि जिला पदाधिकारी किसी प्रकार का अवकाश घोषित करना चाहें तो उन्हें मुख्यालय स्तर पर शिक्षा विभाग से पूर्वानुमति लेना आवश्यक होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने स्तर से कोई अवकाश घोषित नहीं करेंगे।
5. किसी भी सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक अपने स्तर से विद्यालय अवकाश की घोषणा नहीं करेंगे अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।
6. सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस एवं गाँधी जयंती एवं अन्य महापुरुषों की जयंती मनायी जाएगी।
7. शनिवार को विद्यालय में पूरे दिन गतिविधि रहेगी। भोजनावकाश तक अध्यापन का कार्य होगा। भोजनावकाश के बाद अभिभावकों के साथ बैठक एवं बाल संसद आयोजित की जाएगी।
8. चाँद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम अवकाश की तिथि में परिवर्तन हो सकता है, जिसकी अधिसूचना भी ससमय शिक्षा विभाग द्वारा अलग से निकाली जाएगी।
9. आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए ग्रीष्मावकाश की छुट्टी में परिवर्त्तन किया जा सकता है, जिसकी अधिसूचना शिक्षा विभाग द्वारा अलग से निकाली जाएगी।
10. पूरे राज्य के सभी प्रारंभिक एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय, संस्कृत बोर्ड के विद्यालय उपरोक्त कैलेण्डर का पालन करेंगे। राजकीय उर्दू विद्यालयों हेतु कैलेण्डर अलग से निकाला जाएगा।

11. सरकारी प्रशिक्षण/शैक्षणिक संस्थान (यथा DIET/BIET/PTEC/CTE इत्यादि) बिहार सरकार का अवकाश कैलेण्डर का पालन करेंगे।

27/11/23

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

हर्षिता 27/11/23

ज्ञापांक– 2693 **पटना, दिनांक–** 27/11/2023

प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/सचिव, संस्कृत शिक्षा बोर्ड/सचिव, मदरसा शिक्षा बोर्ड, बिहार, पटना/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/सभी राजकीय/राजकीयकृत प्रारंभिक एवं माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/11/23

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

हर्षिता 27/11/23